तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 लैंको के ऋणदाता अडानी पॉवर के 41 सौ करोड़ के प्रस्ताव पर करेंगे मतदान



## खबर संक्षेप

### कल से होगा मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधारने का कार्य

**कोरबा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देश अनुसार फोटो युक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी स्थिति में किया जाना है। आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जावेगा तथा 6 से 22 जनवरी तक मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर अभिहित अधिकारी द्वारा नाम जोड़े जाने, विलोपन, स्थानांतरण एवं संशोधन के संबंध में दावा आपत्तियां प्राप्त किया जाएगा। उक्त दावा आपत्ति फार्म-06, 07 एवं 08 का ऑनलाइन प्रविष्टि का कार्य प्रतिदिवस दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा बीएलओ ऐप के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसके साथ ही निर्देशित किया गया है कि शैक्षणिक विभागीय कार्य प्रभावित न हो। आदेश स्थानीय स्तर पर भी जारी कर दिए गए हैं।

### आज इन स्थानों पर लगेंगे शिविर

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 5 जनवरी को विकासखंड कोरबा के ग्राम कुदमुरा 10 बजे से, तौलीपाली में 2 बजे से, विकासखंड कटघोरा के ग्राम ढुरेना में 10 बजे से और ग्राम बेलटिकरी में 2 बजे से, पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के नवापारा सि. कोठीखर्रा पाल ढुरेना में 10 बजे से, सिमगा/सरपता में दोपहर 2 बजे से, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम छातापाठ में 10 बजे से तथा भंवरखोल में 2 बजे से, विकासखंड पाली के ग्राम पोड़ी में 10 बजे से और पोलमी में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित है।

### केंदई वन परिक्षेत्र के ग्राम खरफड़ी में तैयार हो रहा है सेंटर

# बना स्थायी ठिकाना, गजराज से लोगों को बचाने वन विभाग अब चलाएगा रेस्क्यू सेंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा के जंगल को हाथियों ने अपना स्थाई ठिकाना बना लिया है। हाथियों के लगातार विचरण से क्षेत्र में जान माल का नुकसान हो रहा है। खासतौर पर धान की फसल तैयार होने के दौरान सबसे ज्यादा हाथी धान की फसल को ही नुकसान पहुंचाते हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों को सुरक्षित ठिकाने पर रखना वन विभाग के लिए चुनौती बना हुआ है इसके लिए विभाग ने अब हाथी रेस्क्यू सेंटर तैयार किया है। जहां ग्रामीणों को हर तरह की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों के लिए खाना बनाने खाना खाने से लेकर वहां धान चावल रखने का भी गोदाम भी तैयार किया जा रहा है। आने वाले एक महीने के भीतर यह रेस्क्यू सेंटर तैयार हो जाएगा। इसके बाद हाथी आने पर प्रभावित लोगों को रेस्क्यू सेंटर पर सुरक्षित रखा जाएगा।

कटघोरा वनमंडल के केंदई व पसान वन परिक्षेत्र में सबसे अधिक हाथियों का झुंड विचरण करता है। इस क्षेत्र में ही हाथी लगातार जान माल को नुकसान पहुंचाते हैं। अक्सर यह देखा जाता है कि हाथी धान की खड़ी फसल व ग्रामीणों के कोठार में रखे धान को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार ऐसी स्थिति निर्मित होती है कि धान खाने के चक्कर में हाथी ग्रामीणों की जान भी ले लेते हैं। जब हाथी कभी हमला करता है तो बस्ती से दूर बसे लोगों को बाहर निकालने में वन विभाग को खासी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है इसलिए कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत ने बस्ती से दूर अलग-थलग बसे लोगों को हाथियों के हमले से बचाने केंदई में रेस्क्यू सेंटर तैयार किया जा रहा है। जहां हाथी आने पर ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही इस रेस्क्यू सेंटर में ग्रामीणों के खाना बनाने से लेकर सारी सुविधा मुहैय्या कराई जाएगी। वहां ग्रामीण लंबे समय तक रुक भी सकेंगे और उनके सामानों को सुरक्षित रखने का भी स्थान रहेगा। वन विभाग के मुताबिक यह रेस्क्यू सेंटर एक महीने के भीतर तैयार हो जाएगा। इसके बाद हाथियों के आने पर ग्रामीणों को इसी रेस्क्यू सेंटर पर शिफ्ट किया जाएगा ताकि वह पूरी तरह से सुरक्षित रहें।



केंदई रेंज में तैयार होता रेस्क्यू सेंटर।

#### क्या-क्या सुविधा रहेगी रेस्क्यू सेंटर पर

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक रेस्क्यू सेंटर में ग्रामीणों के रुकने की व्यवस्था के साथ-साथ उन्हें भोजन बनाने की भी व्यवस्था दी जाएगी। साथ ही यदि कोई ग्रामीण अपने घर में रखे धान चावल या अन्य सामानों को रखना चाहे तो उसे रेस्क्यू सेंटर में अलग से रखने के लिए गोदाम भी उपलब्ध करायाजाएगा क्योंकि अक्सर धान, चावल को खाने के लिए ही हाथी ग्रामीणों के घरों में हमला करते हैं। इसके अलावा रेस्क्यू सेंटर के चारों तरफ हाईमास्ट लाइट लगाया जाएगा। इस लाइट की रोशनी इतनी तेज होगी कि हाथियों का झुंड इस रेस्क्यू सेंटर के आसपास फटक भी ना सके। रेस्क्यू सेंटर के चारों तरफ बाउंड्री वॉल से घिरा रहेगा। यहां वन विभाग के कर्मचारियों की भी तैनाती रहेगी।

# जिले के 18वें कलेक्टर अजीत वसंत ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अजीत वसंत ने गुरुवार को जिला कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर अजीत वसंत जिले के 18वें कलेक्टर के रूप में नियुक्त किये गये हैं। पदभार ग्रहण के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर कलेक्टर श्री वसंत का स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने जिले के विकास की गति को आगे बढाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत व बेहतर क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता होगी। जिले में पीएम जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने आगामी लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, समस्त एसडीएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अजीत वसंत 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। नवपदस्थ वसंत कलेक्टर के रूप में नारायणपुर, मुंगेली जिले में पदस्थ रह चुके हैं। इसके पूर्व कलेक्टर श्री वसंत मानपुर-मोहला में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जांजगीर-चांपा जिले में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी, राज्य शासन के भौमिकी तथा खनि कार्य विभाग के संचालक, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला में अपर कलेक्टर तथा राजनांदगांव में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।



अजीत वसंत

#### खास बात

- मुंगेली व नारायणपुर के बाद मिली कोरबा की जिम्मेदारी

# सिटी मजिस्ट्रेट का दायित्व चौधरी को साहू नोडल अधिकारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी को प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यन्त तक अपने कार्यों के साथ-साथ विभिन्न कार्यों का प्रभार सौंपा गया है। जिसके अंतर्गत उन्हें सिटी मजिस्ट्रेट, परीक्षा शाखा, रेंट कंट्रोल, सांख्य लिपिक, नजूल शाखा मसाहत ग्रामों का सर्वेक्षण एवं नक्शा प्रकार सहित अन्य दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह अपर कलेक्टर प्रदीप साहू को जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के समस्त जनसूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के पोर्टल में पंजीयन किए जाने की समीक्षा हेतु को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# नवविवाहिता की मौत, पति व सास के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शादी के बाद से ही एक नवविवाहिता को उसकी सास व पति द्वारा छोटी छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे परेशान होकर नवविवाहिता ने जहर सेवन कर मौत को गले लगा लिया था। जांच उपरांत पुलिस ने पति व सास के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पतुरियाडांड निवासी मंजूषा केंवट 19 वर्ष पति प्रेम केंवट ने एक वर्ष पूर्व जहर सेवन कर लिया था इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृतिका श्रीमती मंजूषा केंवट की मौत के बाद मर्ग पंचनामा कार्यवाही कार्यपालिक दण्डाधिकारी पोंड़ी उपरोड़ा से कराया गया है मर्ग जांच पर एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें मृतिका मंजूषा केंवट की जहर सेवन से मौत होना लेख है। पुलिस जांच में गवाहों के बयान में यह बात आयी है कि मंजूषा के पति प्रेम केंवट, सास मोहरमनी केंवट के द्वारा मृतिका को शादी के बाद से ही उसे छोटी छोटी घरेलू बातों को लेकर लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जाता था। जिसकी वजह से मंजूषा अपने मायके आकर जहर सेवन कर ⏭ शेष पेज 3 पर



## खबर संक्षेप



### रविशंकर शुक्लनगर में श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** श्री हित सहचरी सेवा समिति रविशंकर शुक्लनगर द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ।रविशंकर शुक्ल नगर से घंटाघर तक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें समिति के सदस्यों सहित नगरजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।भागवत कथा में भगवताचार्य श्रीधाम वृंदावन के श्रीहित ललित वल्लभ नागाचार्य व्यासपीठ से भक्तों को भगवान की कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन को लेकर श्री हित सहचरी सेवा समिति की बैठक चिल्ड्रन पार्क में आयोजित की गई। इसमें समिति की सदस्यों ने सर्वसहमति से निर्णय लिया कि नए साल के पहले सप्ताह में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा। सदस्यों ने श्रीमद भागवत कथा की तिथि की थी। जिसके अनुसार 4 जनवरी से कथा शुरू हो गई है। समिति की संरक्षक नीरू राय ने बताया कि भागवत कथा की शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। समापन अवसर पर विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजन को संपन्न कराने के लिए समिति बनाई गई है। इसकी संरक्षक नीरू राय, अध्यक्ष मंजुलता गुप्ता, उपाध्यक्ष आशा पांडेय, मीना ठाकुर, सचिव अंजना सिंह, सहसचिव निव्या विनायक, कोषाध्यक्ष कविता बरुई, उप कोषाध्यक्ष श्वेता दुबे, मेघा उपाध्याय, प्रियंका सिन्हा, सांस्कृतिक सचिव भावना स्वर्णकार, सलिका गोयल, मीनू शर्मा, प्रियंका वर्मा, सांस्कृतिक सहसचिव मीरा पांडे, क्रीड़ा सचिव राजश्री पांडे, श्वेता चेट्टी, मीडिया प्रभारी नेहा सिन्हा, सलाहकार किरण सिंह, अनीता राव अंशु सिंह अर्चना सिंह आशा देवांगन मीणा वनाफर मीरा बना पर विदिशा बरनवाल दिव्यांशी सिंह दमयंती सिंह गीता वरवली गुडिय़ा सिंह कुसुम कारण प्रभा नायक रजनी श्रीवास्तव आभा प्रसाद राम उपाध्याय रिनी दुबे रूप मन्नार श्रद्धा तिवारी श्रद्धा कर्मी सरिता राय सपना मिश्रा सुचित्रा तिवारी तान्या सिंह तुलसी मौर्य विनीता सिंह योगिता को बनाया गया है।

### धान नहीं बेचने देने पर पुत्र ने किया माता-पिता पर जानलेवा हमला

**अम्बिकापुर।** शराब पीने के लिए घर से धान निकाल बेचने जा रहे पुत्र को जब माता-पिता ने मना किया तो पुत्र ने जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए माता-पिता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। माता-पिता का आरोप है कि थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम रेवापुर निवासी इतवारी बाई (65 वर्ष) 2 जनवरी को पति धजन के साथ घर मे थी। इसी दौरान पुत्र राम विलास पहुंचा और घर में रखे धान को निकाल कर शराब पीने के लिए बेचने जा रहा था। पुत्र को धान लेकर जाते देख माता-पिता ने मना किया जिससे राम विलास नाराज होकर विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि डंडे से माता-पिता ने जानलेवा हमला कर दिया। इधर घटना को देख परिजन सहित पड़ोसियों ने बीच बचाव किया वहीं मारपीट से दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन ने घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

### चोरों ने कंपनी बाजार के समीप से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** कंपनी बाजार में खरीदारी करने गए युवक की बाइक को चोरों ने बाजार के समीप सड़क किनारे से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गंगापुर निवासी विश्राम सागर गुप्ता रविवार को पत्नी के साथ बाइक क्रमांक सीजी सीजी 15 सीडब्लू 2393 से खरीदारी करने गया था। युवक बाइक को बाजार के समीप सड़क किनारे खडी कर खरीददारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### युवक ने जीजा पर डंडे से प्राणघात हमला कर उतारा मौत के घाट

**विश्रामपुर।** घरेलू बात को लेकर युवक ने न सिर्फ चचेरी बहन व जीजा के साथ मारपीट किया बल्कि घर जमाई बनकर रह रहे जीजा को डंडे से प्राणघात हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम महंगई निवासी राजेश सिंह आ. सुमार साय (45 वर्ष) ग्राम पोड़ी निवासी पत्नी वीराबाई के यहां शादी के बाद से घर जमाई बनकर रह रहा था। बुधवार की शाम लगभग 8 बजे पत्नी के साथ घर में था तभी वीराबाई के चचेरा भाई चमन सिंह आ. बिहारी लाल उसके घर आया और किसी बात को लेकर बहन व जीजा से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि चमन सिंह ने बहन व जीजा की बेदम पिटाई करने के पश्चात घर चला गया। घटना की जानकारी पड़ोसियों को तब लगी जब सुबह पत्नी बिस्तर पर सो रहे पति को उठाने गई तो पति मृत हालत में पड़ा हुआ था।

## धान खरीदी केन्द्र में आई तेजी, बढ़ी किसानों की भीड़

# किसानों को अब 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य में चुनाव के दौरान हुए सत्ता परिवर्तन में किसानों का भी योगदान रहा है। किसानों ने कर्जमाफी जैसे वादे को दरकिनार करते हुए बीजेपी के बकाया दो साल के धान बोनस और 21 क्विंटल धान खरीदी पर 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य पर भरोसा जताया। बीजेपी अब सत्ता में काबिज हो चुकी है धान बोनस बांटा जा चुका है। साथ ही 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की जा रही है, लेकिन अब किसानों को 31 सौ रुपए समर्थन मूल्य का इंतजार है।

धान खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ बढ़ने लगी है। धान खरीदी में अब तेजी आई है, लेकिन किसानों को इस बात की टेंशन ये है कि प्रति क्विंटल 31 सौ रुपये का समर्थन मूल्य मिलेगा या नहीं। कई किसान अपना धान बेच चुके हैं जिन्हें वर्तमान दर 21 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान मिला है, लेकिन अब किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल घोषणा के पूरा होने का इंतजार है। कांग्रेस सरकार ने किसानों से एक एकड़ में अधिकतम 15 क्विंटल धान खरीदने की शुरुआत की थी। इस लिमिट को चुनाव आते तक बढ़ाकर 20 क्विंटल किया गया, लेकिन बीजेपी ने एक कदम आगे बढ़ते हुए 21 क्विंटल की घोषणा की थी। बीजेपी की सरकार बनने के बाद किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की घोषणा पूरी हो चुकी है।

शासन के सॉफ्टवेयर में यह अपडेट हो चुका है अब किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य मिलने का इंतजार है। धान खरीदी शासन के बनाए सॉफ्टवेयर के अनुसार ही होती है, जिसमें शासन स्तर से ही डाटा फीड होता है।



फाइल फोटो

### कैसे मिलता है समर्थन मूल्य पर बोनस

समर्थन मूल्य प्रत्येक साल केंद्र सरकार जारी करती है। इस साल समर्थन मूल्य पतला धान के लिए 22 रुपए 3 पैसा है। मोटे धान के लिए 21 रुपए 83 पैसे हैं, इसी दर से खरीदी की जा रही है। इस साल के पहले तक धान खरीदी कांग्रेस सरकार कर रही थी। पिछले साल केंद्र सरकार का घोषित धान का समर्थन मूल्य लगभग 1900 रुपए था। जिस पर कांग्रेस की सरकार ने 2500 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान का वादा पूरा किया था। 1900 और 2500 रुपये के बीच के राशि 600 थी। केंद्र सरकार के घोषित समर्थन मूल्य की राशि किसानों के खाते में धान बेचने के कुछ दिनों के भीतर ही ट्रांसफर कर दी जाती है, जबकि घोषणा के मुताबिक प्रत्येक किसान ने जितना धन बेचा है। इसकी गणना करके अंतर वाली कुल राशि को तीन किश्तों में राज्य की कांग्रेस सरकार किसानों के खातों में डालती रही है, इसे ही बोनस कहा जाता है।

### परिवहन नहीं होने से समिति प्रबंधक परेशान

क्षेत्र में धान उपार्जन का काम अंतिम चरण में है, लेकिन उपार्जन केंद्रों में खरीदे गए धान का परिवहन नहीं होने से कई उपार्जन केंद्रों में पांव रखने के लिए भी जगह नहीं बचा है। धान का परिवहन नहीं होने से जहां समिति प्रबंधक परेशान है। वहीं धान के रखरखाव और सुरक्षा को लेकर भी उन्हें चिंता सता रही है। प्रशासनिक तौर पर धान के परिवहन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाने से व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं दादरखुर्द में धान नहीं उठने के कारण किसानों के धान खरीदने में दिक्कत हो रही है।

### अब तक कितनी धान खरीदी

जिले के सभी पांचों विकासखंड में कुल 65 धान खरीदी केंद्र मौजूद हैं। जहां अब तक कुल मिलाकर 22 हजार 113 किसानों ने 11 लाख 57 हजार 201 क्विंटल धान बेचा है। जिसके विरुद्ध उन्हें 2 अरब 52 करोड़ 61 लाख 71 हजार 572 रुपये का भुगतान समर्थन मूल्य के तौर पर किया जा चुका है।

### ...देंगे अंतर की राशि

फिलहाल केंद्र सरकार के घोषित समर्थन मूल्य 21 रुपए 83 पैसे मोटा और 22 रुपए 3 पैसे पतला धान प्रति क्विंटल के दर से खरीदी कर तत्काल भुगतान किया जा रहा है। फिलहाल कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। सॉफ्टवेयर में जो अपडेट सरकार ने किए हैं उसी के अनुसार सारी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। आदेश मिलने के बाद बाकी का भुगतान किया जाएगा।

**-सुशील जोशी,** नोडल अधिकारी, राज्य सहकारी बैंक, कोरबा

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अधरी कछार में मना वार्षिक उत्सव



**कोरबा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अंधरी कछार में वार्षिक उत्सव का आयोजित किया गया। उक्त विद्यालय में कक्षा पहली से लेकर के 8वीं तक के छात्र छात्राएं अध्ययन करते हैं। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई जिसे उपस्थित अतिथियों एवं उनके पालकों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। उक्त वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी मनीराम जांगड़े रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट के प्राचार्य राम हरि शराफ ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधान पाठक राम कपूर कुर्रे व आरक्षक श्री सोनी थे। इस अवसर पर शक्षिक संजीदा शबनम, श्रीमती सुशीला मिंज, श्रीमती भावना शर्मा, श्रीमती शैलजा सिंह, श्रीमती अनीता डहरिया, फागु राम एवं छात्र-छात्राएं सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्राचार्य गुप्ता होंगे इंडियन एजुकेशन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नेतृत्व शब्द भले ही पढ़ने में आसान लगे परंतु इस शब्द का महत्व वही बता सकता है जिसने किसी जिम्मेदारी को बड़ी कुशलता से निभाया हो। यदि हमें नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी जाती है चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो तो हमारी सर्वप्रथम प्राथमिकता उसे पूरी ईमानदारी से वहां करने की होती है। ईश्वर हर किसी को इस गुण से नहीं नवाजता है।



संजय गुप्ता

इतिहास गवाह है की जिसे भी यदि यह अवसर मिला और उसने यदि पूरी शिद्दत से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया तो ऐसे नेतृत्व कर्ताओं का नाम हमेशा के लिए याद किया जाता रहा है ।रही बात विद्यालय जैसी पवित्र व चुनौतियों से भरे संस्था के नेतृत्व की तो इस कार्य को वही बखूबी कर सकता है जिसमें धैर्य, कुशलता, अनुभव, ज्ञान, जिम्मेदारी, ईमानदारी, सामंजस्य, अनुशासन तथा दूरदृष्टि जैसे गुण हों। विद्यालय का संचालन एक ऐसा विशेष कार्य हैं जिसमें अथक परिश्रम एवं कुशल अनुभव की आवश्यकता होती है।विद्यालय में सभी कर्मचारियों के साथ तालमेल कायम रखते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त करने का कार्य केवल वही प्राचार्य कर सकता है।

## युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा। पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने अपने ही पड़ोसी युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया है। युवक को गंभीरावस्था में उपचार के लिए बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हमलावर युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नवापारा किरीपारा मोहल्ला निवासी अजय कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बिलासपुर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। शीतकालीन छुट्टी में वह अपने घर नवापारा आया हुआ था और 2 जनवरी की शाम लगभग 4 बजे अपने कोठार में धान की मिसाई कर रहा था। उसी समय बसंत सिंह पिता अमर सिंह मरकाम नामक एक युवक वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर पहलवान सिंह मरकाम पिता झम्मल सिंह मरकाम का हत्या करने के उद्देश्य से अपने घर के सामने पहले से रखे धारदार कुल्हाड़ी से पहलवान सिंह मरकाम के सिर के दाहिने तरफ मारकर चोट पहुंचाया है जिससे पहलवान सिंह मरकाम वहीं पर गिर गया था। पहलवान सिंह मरकाम के सिर से अधिक खून निकल रहा था। अजय के द्वारा चिल्लाकर मदन सिंह पोर्ते और सावन सिंह आरमोर के आने पर देखकर बसंत सिंह भागकर अपने घर में घुस गया।

## कई कलेक्टर बदले, सुब्रत साहू धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मुख्य सचिव

# विष्णु सरकार की बड़ी सर्जरी, 88 आईएएस, एक आईपीएस का ट्रांसफर, गौरव रायपुर कलेक्टर और मयंक जनसंपर्क आयुक्त

### आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जनसंपर्क आयुक्त

आईपीएस मयंक श्रीवास्तव को जनसंपर्क आयुक्त सह संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। श्री श्रीवास्तव 2006 बैच के आईपीएस हैं। अभिजीत सिंह को कांकेर कलेक्टर और रणबीर शर्मा को बेमेतरा का कलेक्टर बनाया गया है। श्री श्रीवास्तव ने गुरुवार को अपना पदभार संभाल लिया है।



*मनोज कुमार पिंगुआ को गृह और जेल विभाग का प्रभार*

*प्रमुख सचिव निहारिका बारिक को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग*

*शहला निगार होंगी कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव कृषि*

*कमलप्रीत सिंह लोक निर्माण विभाग के सचिव बनाए गए*

*सिद्धार्थ कोमल परदेसी को सचिव स्कूल शिक्षा विभाग का जिम्मा*

*प्रसन्ना आर को सचिव उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी*

*अंबलगन पी को सचिव संस्कृति विभाग की जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने बुधवार की आधी रात को बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर दी। मंत्रालय से जारी आदेश में 88 आईएएस अफसरों का तबादला कर दिया गया। इनमें रायपुर समेत कई जिलों के कलेक्टरों का तबादला किया गया है। आईपीएस मयंक श्रीवास्तव को जनसंपर्क आयुक्त सह संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। पी. दयानंद को जनसंपर्क विभाग का सचिव बनाया गया है। रायपुर का कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को बनाया गया है, वहीं डॉ. सर्वेश्वर भूरे को राज्य निर्वाचन आयोग का सचिव बनाया गया है। इसके अलावा सचिव स्तर के अफसरों का तबादला आदेश जारी हुआ है। 1992 बैच के आईएएस सुब्रत साहू को धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही वे ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार देखेंगे। इसी तरह मनोज पिंगुआ को अपर मुख्य सचिव, गृह एवं जेल विभाग में पदस्थ किया गया है। श्रीमती निहारिका बारिक को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। श्रीमती शहला निगार कृषि उत्पादन आयुक्त होंगी। डॉ. कमलप्रीत सिंह को लोक निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। रोहित व्यास को सूरजपुर कलेक्टर, मयंक चतुर्वेदी को दंतेवाड़ा कलेक्टर, कुणाल दुदावत को कोंडागांव कलेक्टर, चंद्रकांत वर्मा को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का कलेक्टर बनाया गया है। इसी तरह प्रतीक जैन को अपर आयुक्त वाणिज्यिक कर में पदस्थ किया गया है।

### जांजगीर, सारंगढ़, सूरजपुर, एससीबी के कलेक्टर बदले

गौरव कुमार सिंह को रायपुर कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वे 2013 बैच के आईएएस अफसर हैं। रायपुर के कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे को छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग के सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। इसी तरह ऋचा प्रकाश चौधरी को दुर्ग, इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को बालोद का कलेक्टर बनाया गया है। 2018 बैच के आईएएस अबिनाश मिश्रा को रायपुर नगर निगम का आयुक्त बनाया गया है। वे जिला पंचायत रायपुर में सीईओ थे। इसी तरह विश्वदीप को सीईओ जिला पंचायत रायपुर में पदस्थ किया गया है। भिलाई नगर निगम के आयुक्त पद पर देवेश कुमार ध्रुव की तैनाती की गई है।

परदेशी सिद्धार्थ कोमल भाप्रसे (2003) को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करता है।

गोविंदराम चुरेंद्र को आयुक्त, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर, प्रसन्ना आर. सचिव उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी छ.ग. इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। अंबलगन पी. को सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सुश्री अलरमेलमंगई डी. सचिव, श्रम विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ- साथ श्रमायुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

सुश्री आर. शंगीता, को सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग, अध्यक्ष छग पर्यावरण संरक्षण मंडल का अतिरिक्त प्रभार, राजेश सुकुमार टोम्पो को विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार) जल संसाधन विभाग के पद पर भेजा गया है। एस. प्रकाश को सचिव संसदीय कार्य विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव, परिवहन विभाग एवं सचिव समाज कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। टोपेश्वर वर्मा को सचिव राजस्व मंडल बिलासपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। नीलम नामदेव एक्का को सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा पदेन राहत आयुक्त व आयुक्त, पुनर्वास एवं आयुक्त, भू-अभिलेख के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करता है। अंकित आनंद भा.प्र.से (2006) सचिव, वित्त विभाग तथा अति प्रभार सचिव, ऊर्जा विभाग, अध्यक्ष, पेंशन निराकरण समिति एवं अध्यक्ष छग स्टेट पावर कंपनी को केवल सचिव, ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष, छग स्टेट पावर कंपनी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

पी दयानंद भा.प्र.से (2006) सचिव मुख्यमंत्री तथा अति. प्रभार सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग को केवल सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए सचिव ऊर्जा विभाग, सचिव, खनिज साधन विभाग, सचिव, जनसंपर्क विभाग एवं अध्यक्ष, छग स्टेट पावर कंपनी, सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग (रेल परियोजनाएं) विभाग , सचिव, विमानन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। सीआर प्रसन्ना भा.प्र.से (2006) आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं को अस्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, सहकारिता विभाग के पद पर पदस्थ करता है। भूवनेश यादव भा.प्र.से (2006) सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वाणिजय एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभाग एवं आयुक्त निःशक्तजन, नोडल अधिकारी,प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्स्थ करता है। एस भारतीदासन भा.प्र.से (2006) सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ करता है। शम्मी आबिदी भा.प्र.से (2007) आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास तथा अति प्रभार प्रबंध संचालक, अंत्याव्यायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम एवं संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्स्थान, आयुक्त वक्त सर्वे, सचिव कौशल विकास विभाग को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के पद पर पदस्थ करता है। बसवराजू एस. भा.प्र.से (2007) सचिव गृह विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, वन विभाग को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव चिकित्सा शिक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। हिमशिखर गुप्ता, भा.प्र.से (2007) सचिव, सहकारिता विभाग तथा अति प्रभार सचिव, वाणिज्यक कर (आबकारी एवं पंजीय को छोड़कर ) विभाग एवं सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के पद पद पदस्थ्य करते हुए सचिव, वाणिज्यिक कर आबकारी एवं पंजीयन को छोड़कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, भा.प्र.से (2007) सचिव छग राज्य निर्वाचन आयोग को अस्स्थायी रुप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के पद पर पदस्स्थ करते हुए सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। यशवंत कुमार संचालक, ग्रामोद्योग के पद पर पदस्थ करते हुए प्रबंध संचालक, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड, प्रबंध संचालक, छ.ग. हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित तथा प्रबंध संचालक, छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। यशवंत कुमार को संचालक, ग्रामोद्योग के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासिनक सेवा के अधिसमय वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

जनक प्रसाद पाठक, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड, भीम सिंह को मुख्य कार्यपालन अधिकारी छ.ग. राज्य ग्रामीण विकास अभिकरण के पद पर पदस्थ करता है। राजेश सिंह राणा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा के पद पर पदस्थ किया गया है। श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी को आयुक्त बिलासपुर संभाग सत्यनारायण राठौर को आयुक्त दुर्ग संभाग दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है।

महादेव कावरे को संचालक, कोष एवं लेखा, नरेन्द्र कुमार दुग्गा को आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. प्रियंका शुक्ला, भा.प्र.से. द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासिनक सेवा (वेतन) नियम, 2016 के नियम-12 के तहत संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासिनक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है। श्रीमती किरण कौशल, भा.प्र.से(2009), महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा अतिरिक्त प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त विशेष सचिव (स्वतंत्र प्रभार), वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के पद पर पदस्थ करता है।

डॉ. तंबोली अय्याज फकीरभाई को आयुक्त, गृह निर्माण मंडल, सौरभ कुमार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सौरभ कुमार, संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रवर श्रेणी वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है।

सुनील कुमार जैन, संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, कुमार लाल चौहान, कलेक्टर, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पद पर पदस्थ किया गया है। बिपिन मांझी को कलेक्टर, जिला-नारायणपुर, डोमन सिंह को विशेष सचिव, मंत्रालय एवं केडी कुंजाम को विशेष सचिव, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के पद पर पदस्थ किया गया है। अनुराग पाण्डेय को कलेक्टर बीजापुर और जय प्रकाश मौर्य को विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग बनाया गया है। सारांश मित्तर को विशेष सचिव, कृषि विभाग एवं पदुम सिंह एल्मा को विशेष सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ करता है। रमेश कुमार शर्मा को विशेष सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए संचालक, भू-अभिलेख, संचालक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, विशेष सचिव, धार्मिक न्यास तथा धर्मस्व विभाग, प्रबंध संचालक, मार्कफेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। धर्मेश कुमार साहू को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए महानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। भूरे सर्वेश्वर नरेंद्र भा.प्र.से. (2011), कलेक्टर जिला रायपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त सचिव, छ.ग. राज्य निर्वाचन आयोग के पद पर पदस्थ करता है।

दीपक सोनी को पंजीयक, सहकारी समिति के पद पर पदस्थ करते हुए नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

भोसकर विलास संदिपान को कलेक्टर सरगुजा एवं संजीव कुमार झा को संचालक, समग्र शिक्षा बनाया गया है।

जीवन किशोर ध्रुव को प्रबंध संचालक, छ.ग. माटीकला बोर्ड एवं रजत बंसल को आयुक्त, वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.) के पद पर पदस्थ किया है। अभिजीत सिंह कलेक्टर, जिला-कांकेर होंगे। रणबीर शर्मा कलेक्टर बेमेतरा, पुष्पेन्द्र कुमार मीणा सचिव, लोक सेवा आयोग और तारन प्रकाश सिन्हा को संयुक्त सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग बनाया गया है। सुश्री इफ्फत आरा संचालक, आयुष, सुत्री दिव्या उमेश मिश्रा, संचालक, लोक शिक्षण, संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगांव होंगे।

इसी तरह सुश्री नम्रता गांधी कलेक्टर जिला-धमतरी होंगी। अजीत बसंत कलेक्टर कोरबा, विनीत नंदनवार संयुक्त सचिव, मंत्रालय के पद पर बनाया गया है। इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, को कलेक्टर, जिला-बालोद के पद पर पदस्थ किया है।

जगदीश सोनकर प्रबंध संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजेन्द्र कुमार कटारा संचालक, राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद के पद पर पदस्थ करते हुए मिशन संचालक, राज्य साक्षरता मिशन का अतिरिक्त प्रभार, कुंदन कुमार संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास के पद पर पदस्थ किया गया है। सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी कलेक्टर दुर्ग, कुलदीप शर्मा, प्रबंध संचालक, पाठ्य पुस्तक निगम, ऋतुराज रघुवंशी पर्यन्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, डी. राहुल वेंकट कलेक्टर जिला मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर होंगे।

श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी संचालक, कृषि के पद पर पदस्थ करता है। डॉ. फरिहा आलम उप सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थ करता है। श्रीमती रोक्तिमा यादव संचालक, पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। दीपक कुमार अग्रवाल कलेक्टर जिला गरियाबंद, श्रीमती तुलिका प्रजापति, संचालक महिला एवं बाल विकास, श्रीमती पद्मिनी भोई साहू, प्रबंधक संचालक छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन रायपुर के पद पर पदस्थ किया है। गोपाल वर्मा उप सचिव मंत्रालय, आकाश छिकारा को कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा के पद पर पदस्थ किया गया है।

## खबर संक्षेप

### रेल आरक्षण केंद्र में असुविधा से यात्री हो रहे परेशान

**कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा स्थित कंप्यूटरीकृत आरक्षण केंद्र में लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार जानकारी देने पर भी समस्याएं हल नहीं हो सकी है, जिससे लोग परेशान है। आरक्षित रेल टिकट लेने के लिए इस केंद्र में पहुंचने वाले लोगों की शिकायत है कि रेलवे ने जिन कर्मियों को यहां ड्यूटी लगाई गई है, वे पूरी तरह गंभीर नहीं है। यहां पर लगे डिस्प्ले बोर्ड में टी ब्रेक के लिए जो समय दिया गया है उससे कहीं ज्यादा समय कर्मचारी लेते हैं और अलग-अलग समय पर भी अपनी सीट पर नजर नहीं आते। ऐसे में रेल टिकट लेने के लिए आने वाले लोगों को दुश्वारियां का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में केवल दो ही काउंटर सेवाएं दे रहे हैं जबकि रेलवे ने यहां पर 8 काउंटर की व्यवस्था कर रखी है। कंफर्मेशन टिकट्स लेने के लिए जो लोग यहां पर पहुंचते हैं उन्हें या तो परेशान किया जाता है या फिर बिना कारण के लौटा दिया जाता है। यात्रियों ने बताया कि काफी लंबे समय से रिजर्वेशन परिसर के मुख्य द्वार को लोहे की जंजीर से बंद कर रखा गया है, ऐसे में लोगों के वाहन असुरक्षित रूप से बाहर रखने की मजबूरी हो जाती है। ऐसी स्थिति में वाहन के चोरी होने की आशंका बनी रहती है।

लैंको संयंत्र के लिए अडानी ने फिर से बढ़ाई बोली, अब ऑफर हुआ 4 हजार करोड़ के पार

# लैंको के ऋणदाता अडानी पॉवर के 41 सौ करोड़ के प्रस्ताव पर करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लैंको अमरकंटक पावर के ऋणदाता जल्द ही अदानी पावर के 41 सौ करोड़ के प्रस्ताव पर विचार करने के प्रस्ताव पर मतदान करेंगे। यदि 66 प्रतिशत से अधिक ऋणदाता इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करते हैं, तो समाधान पेशेवर बिक्री प्रक्रिया पर निर्देश मांगने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में आवेदन करेंगे।

अडानी पावर ने दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनी लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने के लिए फिर से अपनी बोली बढ़ाई है। अडानी पावर ने अब लैंको अमरकंटक के लेंडर्स को 4,100 करोड़ रुपये का ऑफर दिया है। यह 6 सप्ताह के भीतर दूसरा मौका है, जब अडानी पावर ने आर्थिक संकटों से जूझ रही कंपनी को खरीदने के लिए बोली बढ़ाई है। अडानी पावर ने सबसे पहले दिसंबर 2022 में लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। उस समय अडानी पावर ने 2,950 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। बाद में कंपनी ने पिछले महीने यानी नवंबर 2023 में बोली को बढ़ाकर नया ऑफर पेश किया था। तब अडानी समूह की कंपनी ने 3,650 करोड़ रुपये का बढ़ा हुआ ऑफर पेश किया था। अब इसे बढ़ाकर 4,100 करोड़ रुपये कर दिया गया है। लैंको अमरकंटक को खरीदने की रेस में पहले कई अन्य बड़े नाम भी शामिल थे। उनमें मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज भी शामिल थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2,103 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया था। वहीं पीएफसी की अगुवाई वाले एक कंसोर्टियम ने 3,020 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था। अडानी पावर ने एम समय खुद को रेस से बाहर कर लिया था। हालांकि अब अडानी की कंपनी लैंको अमरकंटक को खरीदने में फिर से दिलचस्पी ले रही है।


फाइल फोटो

#### लैंको अमरकंटक की मौजूदा क्षमता

लैंको अमरकंटक पावर दिवालिया होने के बाद इन्सॉल्वेंसी की प्रक्रिया से गुजर रही है। कंपनी जिले के पहंदा में कोयला आधारित थर्मल पावर प्लांट चलाती है। कंपनी के छत्तीसगढ़ प्लांट की मौजूदा क्षमता 600 मेगावाट की है, जबकि 1,320 मेगावाट क्षमता का काम पाइपलाइन में है। यह एसेट अडानी पावर के लिए रणनीतिक तौर पर अहमियत रखता है।

## मकान से हजारों की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसी/ 34 सीएसईबी कालोनी निवासी विभांशु एस.सिंह सीएसईबी कोरबा पूर्व मे अधीक्षण यंत्री के पद पर कार्यरत है। विभांशु 31 दिसंबर की रात्रि लगभग 9 बजे अपने घर में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ मिशन रोड स्थित मेनोनाईट चर्च गया हुआ था और जब वह अपने परिवार के साथ उसी रात लगभग 12 बजे अपने घर वापस आया तो देखा कि घर के पीछे वाला दरवाजा खुला हुआ था और घर के अंदर अलमारी के लॉकर में रखा हुआ चांदी के जेवर तथा कुछ नगदी रकम घर में नही था जिसे कोई अज्ञात चोर घर के पीछे बने बाउंड्रीवाल को कूद कर दरवाजा को खोलकर भाग गया। विभांशु की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।




# ट्रक चालक के साथ मारपीट कर लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग एक सप्ताह पूर्व राताखार के समीप आधा दर्जन युवकों ने एक ट्रक चालक का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए नगदी रकम व मोबाइल के लूट लिया था। कोतवाली पुलिस ने इस घटना में शामिल दो नाबालिक सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि स्याहीमुड़ी निवासी इमरान खान 28 दिसंबर की अलसुबह लगभग 4:30 बजे कोयला लोडकर अपने ट्रक में जा रहा था अभी वह राताखार के समीप पहुंचा था कि इसी दौरान आधा दर्जन युवक ट्रक रोककर चालक इमरान खान से 6 हजार रुपए नगद एवं मोबाइल लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे। इमरान ने इस मामले की लिखित शिकायत कोतवाली थाना में की थी जिस पर पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लुटेरों की तलाश शुरु कर दी थी। नगर कोतवाल अभिनव कांत को मुखबिर से सूचना मिली की लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले फोकटपारा निवासी लकी महंत पिता रविदास महंत, आकाश सोनी पिता दुर्गेश सोनी, शैलेंद्र यादव पिता विश्वनाथ यादव व विकास यादव पिता संतोष यादव सहित दो नाबालिक युवक शामिल हैं। इस सूचना के बाद पुलिस ने सभी युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में से चार आरोपियों को पुलिस न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

#### निकाला था जुलूस

लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी युवकों को सबक सिखाने के लिए नगर कोतवाल अभिनव कांत व उनकी टीम ने शहर के मुख्य मार्ग में उनका जुलूस निकाला ताकि भविष्य में इस तरह की घटना को अंजाम न दे।







